# GORAKHPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-07-2021

# घर छोड़कर भागे तीनो किशोर बरामद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गुलरिहा इलाके जंगल डुमरी नंबर दो के हेलानी टोला से घर छोड़कर भागने वाले तीनों किशोरों को पुलिस ने गोरखपुर रेलवें स्टेशन से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। एक किशोर को ऑनलाइन गेम पबजी खेलने से परिवार द्वारा मना करने पर वह दोस्तो संग घर छोड़कर फरार हो गया था। परिजन खोजबीन करने के बाद पुलिस को सूचना दिया। पुलिस केस दर्ज तलाश में जुटी है। बच्चों की सूचना देने वालों को 25 हजार रूपए का ईनाम घोषित किया था।







**ऑनलाइन पबजी गेम खेलने से मना करने पर भागे थे तीनों**

थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर दो के हेलानी टोला निवासी राम सिंह चौहान अपने 14 वर्षीय बेटे रोहन चौहान को आनलाइन पढाई करने के लिए एंड्रायड मोबाइल खरीद कर दिया था। किशोर पढाई के बजाय ऑनलाइन पबजी गेम खेलने का आदी हो गया। करीब दो माह पहले जब राम सिंह चौहान विदेश से घर लौटे तो बच्चे की हरकत पता चला। ऑनलाइन पढ़ाई बंद कराते हुए मोबाइल पर प्रतिबंध लगा दिया। उनका बेटा अब पबजी गेम खेलने के लिए नया तरकीब निकाला और दोस्तों के मोबाईल में गेम डाउनलोड कर खेलने लगा। इसकी जानकारी परिजनों लगी तो सख्ती से मना किया। इसके बाद रोहन चौहान अपने दोस्त, रवि चौहान पुत्र मुन्शी चौहान 12 वर्ष, प्रतुल गौड़ पुत्र पिन्टु गौड़ 13 वर्ष के साथ घर से बैग और साईकिल लेकर भाग गया। खोजबीन करने के बाद परिवार वाले अनहोनी का आशंका व्यक्त करते हुऐ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर बच्चों के तलाश में जुटी थी। तीनों बच्चों को पुलिस वृहस्पतिवार को 12 बजे रेलवे स्टेशन से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के पूछताछ में किशोरों ने बताया कि परिजनों द्वारा मोबाईल पर गेम खेलने पर प्रतिबंध लगाने के कारण घर छोड़कर लखनऊ चले गये थे। वहां पर पैसे कमा कर मोबाईल खरीदने और गेम खेलने की शौक पूरा करने की बात बताया।

# फल विक्रेता की ईमानदारी के कायल हुए विनोद रुंगटा

**टीपी नगर (एसएनबी)।** राजघाट थाना क्षेत्र के चकरा अव्वल निवासी फल विक्रेता जोगिंदर निषाद पुत्र बैजनाथ निषाद की ईमानदारी की टीपी नगर चौकी पुलिस और बेतियाहाता निवासी विनोद रूंगटा कायल हो गये। फल विक्रेता को माला पहनाकर चौकी प्रभारी टीपी नगर अवधेश चंद्र मिश्रा ने सम्मानित किया जबकि अपना दो लाख रूपए मूल्य का गिरा आईपैड पाकर विनोद रूंगटा ने उसके प्रति आभार प्रकट किया।

**फल विक्रेता जोगिंदर निषाद का चौकी इंचार्ज ने किया सम्मान**

**दो लाख का आईपैड गिरा मिला था जोगिंदर निषाद को**

चाकरा अव्वल निवासी गरीब जोगिंदर निषाद हार्बर्ट बांध पर अमरूद मंडी के समीप ठेला लगाकर फल बेचकर अपने परिवार का जीवन यापन करता है। बृहस्पतिवार की दोपहर में फल बिक्रेता युवक को एपल कंपनी का एक आईपैड हार्बट बांध पर गिरा मिला। जोगिंदर निषाद फौरन उस आईपैड को ले जाकर चौकी प्रभारी टीपीनगर को सौंप दिया। चौकी प्रभारी ने उस आईपैड के मालिक का पता किया। आईपैड के मालिक का



नाम विनोद रुंगटा पुत्र अजय रुंगटा निवासी बेतियाहाता थाना कैंट पता चला। पुलिस ने संपर्क कर विनोद रूंगटा को चौकी पर बुलाया। चौकी पर पहुंचने पर उन्हें आईपैड सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि आईपैड की कीमत दो लाख रूपए है।

# सुरक्षित होगा सफर: दिल्ली, लखनऊ की तर्ज पर चलेगा गोरखपुर का ट्रैफिक

**ट्रैफिक सुधारने की कवायद, मीटिंग में खाका तैयार, सिटी में बदलेगा ट्रैफिक मैनेजमेंट, नए कैमरे से लैस होंगे चौराहे**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (8 July):** व्हीकल ऑनर्स के लिए जरूरी खबर है... सिटी में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी अब भारी पड़ेगी. दिन हो रात, चौराहों पर मौजूद पुलिस कर्मचारियों को झांसा देकर निकलने की कीमत चुकानी पड़ेगी. पुलिस वाले देखें या ना देखें, चौराहों पर लगे कैमरे खुद ही ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों को तलाश लेंगे. उम्दा क्वालिटी के रेड लाइट वायलेशन डिटेक्शन (आरएलवीडी) कैमरे सेंसर के जरिए चालान काटने की प्रक्रिया पूरी कर लेंगे. 24 घंटे चलने वाली इस प्रोसेस से सिटी में क्राइम कंट्रोल करने और ट्रैफिक व्यवस्था संभालने में बड़ी मदद मिलेगी. कैमरे वाले स्थान चिन्हित करके उनकी रिपोर्ट नगर निगम को भेज दी गई है.

## सिलेक्ट किए गए हॉट स्पॉट

स्मार्ट एंड सेफ सिटी योजना के तहत कैमरे लगाए जाने की योजना बनाई गई है. नगर निगम में इसका कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जहां ट्रैफिक पुलिस निगरानी करेगी. बीते दिनों हुई मीटिंग में डॉयल-112 से क्राइम हॉट स्पॉट चिन्हित किए गए हैं.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT




## 8 थानों में 80 प्वाइंट, 300 कैमरे लगाए जाएंगे

डॉयल 112 से क्राइम के हॉट स्पॉट चिन्हित करके पुलिस विभाग ने नगर निगम को रिकॉर्ड मुहैया कराया है. पुलिस के अनुसार कुल 80 प्वाइंट्स सिलेक्ट हुए हैं, जिनमें 300 कैमरे लगाए जाएंगे. इनका बाकायदा रिकॉर्ड तैयार किया गया है. ताकि एक ओर जहां ट्रैफिक पर नजर रखी जा सके. वहीं कोई क्राइम होने पर तत्काल धरपकड़ भी पूरी हो जाए.

## क्या है योजना, कैसे होगा काम

- गवर्नमेंट से गोरखपुर 50.32 करोड़ रुपए मिले हैं.
- सिलेक्टेड प्लेस पर रेड लाइट वायलेशन डिटेक्शन (आरएलवीडी) कैमरे लगाए जाएंगे
- रेड लाइट, पब्लिक एड्रेस सिस्टम की भी व्यवस्था भी होगी.
- स्मार्ट एंड सेफ सिटी योजना के तहत नगर निगम वर्क करा रहा है.
- नगर निगम के सदन बिल्डिंग में कंट्रोल की रूम की स्थापना की जाएगी.
- कंट्रोल रूम से पूरे शहर में ट्रैफिक व्यवस्था की निगरानी होगी.
- वर्तमान में आईटीएमएस के तहत पुलिस लाइन में कंट्रोल रूम है.

## ऐसे काम करेगा आरएलवीडी कैमरा

चौराहे पर लगे रेड लाइट सिग्नल जलने पर भी यदि कोई अपने वाहन को नहीं रोकता, तो ऐसे चालकों को रेड लाइट वायलेशन एंड डिटेक्शन कैमरा (आरएलवीडी) पकड़ेगा. आरएलवीडी कैमरा ऐसे वाहन की फोटो खींचकर ट्रैफिक कंट्रोल रूम भेजेगा. इसके बाद डीटीओ के जरिए वाहन नंबर से चालक का पता किया जाएगा. जुर्माना काटकर ट्रैफिक पुलिस रूल्स तोड़ने वालों के पते पर भेज देगी.

### ये चौराहे आईटीएमएस से लैस

- काली मंदिर चौराहा
- गणेश चौराहा
- कचहरी चौराहा
- बेतियाहाता
- ट्रांसपोर्ट नगर
- रुस्तमपुर
- पैडलेगंज
- मोहद्दीपुर चौराहा

## यह है चालान की स्थिति

| कार्रवाई | चालान | जुर्माना |
|---|---|---|
| बिना हेलमेट बाइक चलाना | 32,759 | 35,76,500 |
| नो पार्किंग | 17,694 | 18,15,000 |
| बिना सीट बेल्ट बांधे फोर व्हीलर | 2056 | 50,500 |
| बिना डीएल व्हीकल ड्राइव करना | 6219 | 6,76,700 |
| बाइक पर तीन सवारी चलना | 2047 | 3,33,400 |
| अन्य नियमों का उ घन | 2580 | 3,13,000 |

“ स्मार्ट एंड सेफ सिटी स्कीम के तहत काम चल रहा है. नगर निगम की तरफ से इसका निर्माण कराया जाएगा. डॉयल 112 के रिकॉर्ड से क्राइम हॉट स्पॉट चिह्नित करके डाटा उपलब्ध करा दिया गया है.

सोनम कुमार, एसपी सिटी

# कोई पैसा मांगे तो उसके झांसे में न आएं : एसएसपी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गोरखपुर।** जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) दिनेश प्रभु ने ट्वीट करके अपने सभी परिचितों, दोस्तों आदि को साइबर अपराधियों द्वारा फेसबुक, व्हाट्सएप पर उनकी फर्जी आईडी बनाने की जानकारी देते हुए सतर्क रहने को कहा। उन्होंने कहा कि ये साइबर अपराधी हैं। यदि किसी से पैसा मांगें तो झांसे में न आएं। झांसे में आए तो ठगी का शिकार हो सकते हैं।

एसएसपी ने पहला ट्वीट करते हुए कहा है कि अगर आपके पास रुपये मांगने या ऐसा कोई मैसेज आता है तो कृपया जवाब न दें। करीब एक घंटे बाद बाद एसएसपी का दूसरा ट्वीट आया है। इसमें एसएसपी ने कहा है कि इनके रिक्वेस्ट पर पैसे ट्रांसफर नहीं करना है। दोनों मैसेज पर रात 9 बजे तक कुल 17 लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दी थी। लिखा था कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इस तरह के अपराधी पुलिस के आला अफसर को भी नहीं छोड़ रहे हैं।

ठगी के प्रयास का एक मामला सामने आया था। मेरी फोटो व आईडी का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। इसकी सूचना साइबर अपराध शाखा को दी गई है। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। हैकर की तलाश की जा रही है। कोई धोखे में आकर ठगा ना जा सके। लिहाजा, ट्वीटर के माध्यम से जानकारी साझा कर दी है।

**-दिनेश कुमार प्रभु,** एसएसपी




स्क्रीन शॉट।

## पूर्व एडीजी की आईडी भी हो चुकी है हैक

**साइबर** अपराधियों ने पिछले वर्ष गोरखपुर जोन के एडीजी दावा शेरपा की फेसबुक आईडी हैक कर ली थी। उनकी फ्रेंड लिस्ट में शामिल लोगों को मैसेज भेज कर रुपये की मांग की गई थी। संदेह होने पर लोगों ने पुलिस के उच्च अधिकारियों के साथ ही एडीजी जोन कार्यालय को जानकारी दी। पुलिस हरकत में आई और साइबर थाने में तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया गया। इस मामले की भी जांच चल रही है लेकिन अभी तक कुछ नहीं हो सका। दरअसल, पिछले वर्ष जुलाई में तारामंडल क्षेत्र के रहने वाले एक युवक की फेसबुक पर एडीजी जोन गोरखपुर का फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजा गया था। इसके बाद जालसाज ने मैसेंजर पर बात कर 15 हजार रुपये की मांग की थी। एडीजी के आईडी से इस तरह रुपये की डिमांड देख अभिनव को शक हुआ। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर साइबर थाने में मुकदमा कर मामले की जांच शुरू की गई।

>> मुख्य खबर -फेसबुक-व्हाट्एप पर बनाई... पेज एक पर

Hindustan3.webp Hindustan2.webp Hindustan1.webp

# जिंदगी बचाने में मददगार बन रहीं महिला पुलिसकर्मी

## रक्तदान, समझौता कराकर दिखा रहीं मानवीय पहलू, तीन दिन में पांच दंपतियों में सुलह कराकर फिर से किया एक साथ

शिवम सिंह

**गोरखपुर।** महिला पुलिस कर्मी लोगों का घर बसाने के साथ उनकी जिंदगी बचाने में मददगार बन रही हैं। पुलिस के मानवीय पहलू से कई परिवारों की गृहस्थी बिखरने से बच गई। टूटने के कगार पर पहुंच चुके रिश्तों में फिर से जान आ गई। कुछ ऐसे भी थे जो जीवन से निराश हो चुके थे। ऐसे लोगों में उम्मीद और उत्साह भरने में इन पुलिसकर्मियों का अहम योगदान है।

कोरोना के इस दौर में जहां अपने भी साथ देने की बात सुनते ही मुंह फेर ले रहे हैं, वहां पुलिस सबकी मदद करने के लिए आगे आ रही है। रक्तदान कर कई लोगों को स्वस्थ करने में जहां मदद की, वहीं पर राशन, घर में अकेले रह रहे बुजुर्गों आदि तक दवा पहुंचाकर लोगों के मन में पुलिस की अलग छाप छोड़ी है। पुलिस अफसरों ने भी इसे खूब सराहा है। एडीजी अखिल कुमार हों या एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु, ऐसे बेहतर काम करने वाले पुलिसकर्मियों का वे हौसला बढ़ाते रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु ने पुलिस वालों को मानवीय होने की नसीहत दी थी। कुछ ऐसा करने को कहा कि पुलिसकर्मी खुद भी संतुष्ट हों और उन्हें अच्छा लगे।

उनके इस संदेश का असर जिले की पुलिस पर सकारात्मक रूप में देखने को मिला। पुलिस ने कई बुजुर्गों का हाल जानने से लेकर उन्हें दवाएं, भोजन और अन्य जरूरतों का सामान घर तक पहुंचाया। जिस किसी को कोरोना कर्फ्यू में साधन नहीं मिला, उन्हें अपने गाड़ी से समय से उनके गंतव्य तक पहुंचाने में सहयोग किया।

**महिला थाना पुलिस ने की नई पहल :** महिला थाना की पुलिस ने पिछले तीन दिनों में नई पहल की है। ऐसा नहीं है कि यह पहले नहीं होता था लेकिन इस ओर पुलिस इतना ध्यान नहीं देती थी। इंस्पेक्टर अर्चना सिंह खुद पहल कर दंपती के विवाद को सुलह समझौते की मदद से घरों को बसाने का काम कर रही हैं। तीन दिन में इस तरह के पांच मामले सामने आ चुके हैं। महिला पुलिस ने दोनों परिवारों को समझाया और कई दंपती को राजी खुशी घर भेजा। वे सभी फिर से अपनी नई जिंदगी शुरू कर लिए हैं जो पहले अलग होने की ठान चुके थे।

**केस एक** गीडा इलाके के एक दंपती की शादी 9 साल पहले हुई थी। तीन साल से छोटी सी बात पर पति-पत्नी में खटपट शुरू हो गई थी। दोनों ने तलाक लेने का फैसला कर लिया। पत्नी ने महिला थाने में कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र भी दे दिया। मगर पुलिस ने पहल की। पति को बुलाया, कानूनी दांव-पेंच समझाया। पति-पत्नी और परिवार के लोगों को आमने-सामने करने के बाद पुलिस को सफलता मिल गई। बृहस्पतिवार को दोनों ही एक हो गए। दंपती साथ में फिर से नई जिंदगी शुरू करने को राजी होकर थाने से गए।

**केस दो** जंगल डुमरी निवासी व इंडियन बैंक में फील्ड आफिसर की पत्नी को 25 मई को बच्ची हुई थी। खून की जरूरत पड़ी। परेशान पिता ने ऑनलाइन मदद मांगी। सोशल मीडिया पर मदद मांगते ही शाहपुर के पीआरवी 0321 में तैनात बस कमांडर यशपाल यादव वहां पर पहुंच गए। बच्ची को रक्तदान करने की इच्छा जताई। उन्हें देखते ही पिता भी खुश हो गए और फिर डॉक्टर के जांच के बाद पुलिसकर्मी ने रक्तदान कर बच्ची को स्वस्थ करने में योगदान दिया। कई अन्य पुलिस वाले भी इस तरह का काम कर चुके हैं।

**केस तीन** वाराणसी के सिगरा निवासी चेतन उपाध्याय गोरखपुर आए थे। 19 अप्रैल को कोरोना कर्फ्यू होने की वजह से उन्हें कोई सवारी नहीं मिल पा रहा था। शाहपुर इलाके के आरोग्य मंदिर में रुके चेतन के पिता की तबीयत खराब थी और उन्हें वाराणसी जाना बेहद जरूरी था। ट्रेन तक पहुंचने के लिए कोई गाड़ी न मिलने पर उन्होंने पुलिस से मदद मांगी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और फिर अपनी पीआवी से चेतन को रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया। समय से पहुंचने की वजह से वह वाराणसी जा पाए।

**केस चार** दो मई को कोतवाली इलाके में एक व्यापारी के घर काम करने वाली महिला की मौत हो गई। उसकी अंत्येष्टि करने को कोई तैयार नहीं था। घरवाले शव के करीब भी नहीं जाना चाह रहे थे। इसकी सूचना किसी ने एडीजी को दी। एडीजी ने एसएसपी को निर्देश दिया जिसके बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। नगर निगम की मदद से सैनिटाइज करा कर कोरोना प्रोटोकॉल के तहत पुलिस ने महिला के शव को दाह संस्कार के लिए राजघाट पहुंचाया और अंत्येष्टि कराई।

पुलिस वाले लोगों की मदद के लिए आगे रहते हैं। ऐसा करने से निश्चित तौर पर पुलिस के प्रति लोगों की सोच भी बदली है। बेहतर काम करने वाले सभी पुलिस वालों को प्रोत्साहित भी किया जाता है।

**-दिनेश कुमार प्रभु,**
एसएसपी

### सोशल मीडिया की सूचना पर पहुंचाई मदद

**कोरोना काल** में सोशल मीडिया ने अहम भूमिका निभाई है। मदद के लिए लोगों ने सोशल मीडिया का रुख अख्तियार किया। मदद मांगी तो पुलिस वाले भी पहुंचे और पल भर में बिना भटके उनको वांछित जरूरतें पूरी हो गई। रक्तदान, जरूरत की वस्तुएं जैसे अन्य काम पुलिसकर्मियों ने जानकारी होने पर संबंधित शख्स तक पहुंचाया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत ठाकुर

# DEORIYA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-07-2021

हिन्दुस्तान दि. 9/7/21

# बंद मकान में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

देवरिया | निज संवाददाता

इलाज कराने गई महिला के घर का ताला तोड़ने वाले दो चोरों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर सोंदा की चोरी का खुलासा किया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

बरहज थाना क्षेत्र के करायल शुक्ल गांव के रहने वाले रत्नेश उपाध्याय पुत्र विद्यासागर उपाध्याय बच्चों को पढ़ाने के लिए सदर कोतवाली क्षेत्र के सोंदा गांव के भागवती नगर स्थित संतोष यादव के मकान में किराए पर जनवरी से रह रहे हैं। उनका बेटा सलेमपुर मार्ग पर एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ता है। रविवार को रत्नेश गांव गए हुए थे। जबकि उनकी पत्नी बबीता उपाध्याय मकान में ताला बंद कर इलाज के लिए गोरखपुर गई हुई थी। इसी बीच चोरों ने ताला को तोड़ कर कमरे के अलमारी के लॉकर में रखा नगदी और जेवरात चुरा ले गए। महिला शाम को इलाज कराकर वापस घर लौटी तो कमरे का ताला टूटा देख कर दंग रह गई। पीड़िता ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के बारे में जानकारी ली। पुलिस ने मौके से एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर कोतवाली को सौंपा। पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना का गुरुवार को खुलासा किया है। चोरी करने वाले दोनों चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया। पुलिस ने दोनों नाबालिग चोरों को न्यायालय चालान किया। जहां से दोनों को गोरखपुर सुधार गृह भेज दिया गया।

हिन्दुस्तान दि० 3/8/24

# शराब की खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बनकटा।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के प्रतापपुर चेक पोस्ट से बुधवार की रात पिकअप से बिहार जा रही शराब की खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। बनकटा थानाध्यक्ष प्रमोद सिंह के अनुसार बुधवार को थाना क्षेत्र के प्रतापपुर चेक पोस्ट पर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग का काम किया जा रहा था। इसी बीच एक पिकअप पहुच गई। तलाशी के दौरान उक्त पिकप से 135 पेटी अंग्रेजी शराब मिली। जिसकी कीमत करीब दस लाख बताई जा रही है। चालक की पहचान मनिन्द्र सिंह निवासी नरेन्द्रपुर थाना आन्दर जनपद सीवान के रूप में हुआ है।

दैनिक जागरण दि. 9/7/21

# चोरी की घटना का पर्दाफाश दो शातिर किशोर गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, देवरिया :** सदर कोतवाली के सोंदा में दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना का गुरुवार को पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। इस मामले में पुलिस ने दो शातिर किशोर चोरों को गिरफ्तार कर 4600 रुपये नकद व चांदी की पायल बरामद किया है।

## सफलता

- रविवार को सदर कोतवाली के सोंदा में हुई थी दिनदहाड़े चोरी
- 4600 नकदी व पायल बरामद, सरगना की गिरफ्तारी को दबिश

बरहज के करायल के रहने वाले रत्नेश उपाध्याय सोंदा में रहते हैं। रविवार को वह अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए गोरखपुर गए थे। इस बीच मकान का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी समेत आभूषण उड़ा दिया था। जेल चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने दो किशोरों को गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर सोंदा के समीप से गिरफ्तार किया। दोनों ने चोरी की घटना में शामिल होने की बात कबूल की। कोतवाल राजू सिंह ने कहा कि चोरी की घटना का पर्दाफाश कर दिया गया है। गिरोह का सरगना फरार चल रहा है। गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

दैनिक जागरण दि. 9/7/21

# सुलह-समझौते से मुकदमों का कराएं निस्तारण

जागरण संवाददाता, देवरिया : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी गुरुवार की शाम पूरी कर ली गई। अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण पर न्यायिक अधिकारियों का जोर है।

प्राधिकरण के सचिव आरिफ निसामुद्दीन खान ने कहा कि अधिक से अधिक वादों के निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। एनआइ एक्ट, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत, जल एवं सर्विस संबंधित मामले, राजस्व एवं सिविल वाद के मामलों को दोनों पक्षों की सहमति से निस्तारित किया जाएगा। सुलह-समझौते से मामलों के निस्तारण होने से लोगों का समय और धन दोनों की बचत होती है और आपसी सौहार्द बना रहता है। कोरोना संक्रमण को देखते हुए शारीरिक दूरी का पालन करने के साथ ही मास्क लगाना भी


कार्यालि
वि
ग्राम पंचायत
स्वच्छ भारत मिशन/
जाने वाले कार्यों हेतु
फर्म जी.एस.टी. के
कार्यस्थल तक सीमेन्
पाईप, सोलर लाईट,
टाइल्स दरवाजा शौ,
निविदा फार्म दिनांक
जमा किया जा सकता
उपस्थिति में ग्राम पंचा
है एवं जी.एस.टी. एवं
ग्राम प्रधान- अ

दैनिक जागरण दि. 9/7/21

# कुएं से बरामद शव की शिनाख्त पति व मामा गिरफ्तार, भेजा जेल

## प्रताड़ना से महिला कर ली थी खुदकुशी, पति व मामा ने उगला राज

जागरण संवाददाता, देवरिया : बरहज थाना क्षेत्र के टड़िया के समीप 11 दिन पूर्व मिला महिला के शव का पुलिस ने गुरुवार को शिनाख्त कर लिया। साथ ही खुदकुशी के लिए प्रेरित करने वाले पति व उसके मामा को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

29 जून को गांव के बाहर स्थित एक कुएं से महिला का शव पुलिस ने बरामद किया था। जांच में जुटी पुलिस को अहम सुराग तब हाथ लग गया, जब मार्च से खोड़ा गांव की रागिनी सिंह के गायब होने की जानकारी मिली।

पुलिस ने पति ध्रुव नारायण यादव को उठाकर पूछताछ की तो पूरी कहानी सामने आ गई। ध्रुव नारायण ने वह शव अपनी पत्नी रागिनी का होना बताया। उसने बताया कि 22 मार्च की रात उसने खुदकुशी कर ली थी, जिसके बाद मेरे मामा विदेश यादव व मेरे पिता राममिलन यादव ने बोरे में रखकर शव को कुएं में फेक दिया था। पुलिस ने ध्रुव व उसके मामा विदेशी यादव को गिरफ्तार कर खुदकुशी के लिए प्रेरित करने के मामले में जेल भेज दिया।

### बहू के शव को ठिकाने लगाने के बाद राममिलन ने उठा लिया कठोर कदम

22 मार्च को बहू रागिनी का शव अपने साले के साथ मिलकर ठिकाने लगाने के बाद राममिलन भी अगले ही दिन कठोर कदम उठा लिया। उसने भी सरयू नदी में कूद कर 23 मार्च की रात खुदकुशी कर ली। 24 मार्च को शव नदी के तट से बरामद किया गया। पहले तो हत्या की आशंका जताई गई और पुलिस ने जांच भी किया, लेकिन साक्ष्य नहीं मिले।

### कोरोना काल में बंद हो गया था कारोबार

2013 में ध्रुव नारायण ने रागिनी सिंह से कोर्ट में शादी कर लिया। इसके बाद दोनों नौकरी व कारोबार कर रुपये कमाए। कोरोना संक्रमण काल में नौकरी जाने के साथ ही उनका कारोबार भी बंद हो गया। जिसके बाद अपने गांव आ गए। 15 से 20 लाख रुपये इन पर कर्ज हो गया था। जिसके बाद रागिनी सिंह ससुर राममिलन व पति ध्रुव नारायण पर भूमि बेचकर उस कर्ज को जमा करने व गोरखपुर में जाकर रहने की बात कहने लगी। यह बात ध्रुव नारायण को खराब लगती थी। इसलिए उसने उसकी बीच-बीच में पिटाई कर दी। जिससे नाराज होकर रागिनी सिंह ने यह कदम उठा लिया।

# राज्य निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक देवरिया पहुंचे

देवरिया : क्षेत्र पंचायत के ब्लाक प्रमुख पद के लिए होने वाले चुनाव को संपन्न कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने विशेष सचिव आयुष सुखलाल भारती को देवरिया जनपद का प्रेक्षक नियुक्त किया है। वह गुरुवार को जिले में पहुंच गए हैं। यह जानकारी जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रेक्षक लोकनिर्माण विभाग के डाक बंगला में रहेंगें। (जासं)

दैनिक जागरण 9/7/21

दैनिक जागरण दि 9/7/21

# पंजाब निर्मित 135 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद



गिरफ्तार तस्कर के साथ पुलिस टीम • सौं.पुलिस

जागरण संवाददाता, बनकटा: बनकटा पुलिस को बुधवार की रात प्रतापपुर चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने बिहार भेजी जा रही पंजाब निर्मित 135 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की। साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। फरार चल रहे सरगना की गिरफ्तारी में पुलिस जुटी हुई है।

बनकटा थानाध्यक्ष प्रमोद सिंह पुलिस टीम के साथ प्रतापपुर चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस बीच पिकअप आ गई, पुलिस ने पिकअप की चेकिंग की तो उसमें से 135 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

पुलिस ने तस्कर मनिंद्र सिंह

## जांच

- पिकअप से बिहार के सिवान भेजी जा रही थी शराब, एक गिरफ्तार
- खामपार क्षेत्र का रहने वाला है सरगना, गिरफ्तारी में जुटी पुलिस

जनपद के आंदर थाना क्षेत्र के नरेंद्रपुर का रहने वाला है। उसने पूछताछ में बताया कि वह आंदर बाजार शराब की खेप लेकर जा रहा था। खामपार थाना क्षेत्र के रहने वाले सरगना ने ही उसे यह शराब उपलब्ध कराई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पंजाब निर्मित शराब अरुणाचल प्रदेश में बिक्री के लिए निर्धारित की गई थी। तस्कर पंजाब से ही शराब मंगाया था। सरगना की गिरफ्तारी के लिए दबिश

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

प्रतापपुर/बनकटा। यूपी बिहार सीमा पर स्थित प्रतापपुर चेकपोस्ट पर बुधवार की रात पुलिस ने पिकअप वाहन में रख कर बिहार भेजी जा रही अवैध शराब बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार एसओ प्रमोद सिंह के नेतृत्व में पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी इस दौरान संदेह के आधार पर जब जब एक पिकअप की तलाशी ली गई तो उसमें 135 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर उसमें सवार अभियुक्त मनिंद्र सिंह निवासी नरेन्द्रपुर, थाना आंदर, जिला सिवान को गिरफ्तार कर लिया है। एसओ प्रमोद सिंह ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है। संवाद

अमर उजाला दि. ९/४/२१

# पर्चा दाखिला के दौरान अलर्ट रहा प्रशासन

**बरहज।** बारिश के बीच दो प्रत्याशियों ने पांच, जबकि भलुअनी में तीन प्रत्याशियों ने पांच सेट में पर्चा दाखिल किया। एआरओ के विलंब से आने से नामांकन कार्य देरी से शुरू हुआ। एहतियातन पुलिस बल तैनात रहा।

सबसे पहले भाजपा प्रत्याशी सीमा पासवान समर्थकों के साथ ब्लॉक में पहुंची। एआरओ के विलंब से आने के कारण देर से पर्चा दाखिला शुरू हुआ। सीमा पासवान ने तीन सेट में पर्चा दाखिल किया। जबकि पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुभाष प्रसाद ने दो सेट में नामांकन किए। दूसरी ओर, भलुअनी में छट्ठू यादव, भाजपा प्रत्याशी मुन्नी देवी ने दो-दो और शकुंतला देवी ने एक सेट में पर्चा दाखिल किया। सुरक्षा के मद्देनजर बरहज-पैना मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पर रोक थी। पीएसी, क्यूआरटी और कई थानों की पुलिस तैनात रही। एसडीएम संजीव कुमार यादव, सीओ देवआनंद, इंस्पेक्टर टीजे सिंह के साथ हालात पर नजर रखे हुए थे। संवाद

अमर उजाला दि. 9/7/21

# डीएम-एसपी ने लिया नामांकन कार्य का जायजा

देवरिया। डीएम आशुतोष निरंजन व एसपी डॉ.श्रीपति मिश्र ने बृहस्पतिवार को प्रमुख क्षेत्र पंचायत के नामांकन कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने तैनात अधिकारियों एव कर्मचारियों को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता के साथ नामांकन कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

डीएम आशुतोष निरंजन ने कहा कि नामांकन सुचारु रूप से हो। उन्होंने तैनात सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिया कि सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था रखें। किसी भी स्तर पर कोई ढिलाई न हो तथा कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति नामांकन परिसर में न पहुंचे। डीएम व एसपी ने सदर विकास खंड में नामांकन कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम सदर सौरभ सिंह, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी/डीपीओ कृष्ण कांत राय, तहसीलदार आनंद नायक सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-07-2021

# मोटरसाइकिल चोरी, पकड़ा गया संदिग्ध

**मल्लूडीह, कुशीनगर :** कसया थाने के मल्लूडीह बाजार से बुधवार की रात एक मोटर साइकिल चोरी हो गई। संदेह के आधार पर एक युवक को लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा है। गांव में एक व्यक्ति के घर बरात आई थी। भीड़ के चलते रास्ता जाम था। गांव निवासी प्रदीप मिश्र सड़क के किनारे अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर घर चले गए। कुछ देर बात लौटे तो मोटरसाइकिल वहां नहीं थी। तलाश के दौरान एक संदिग्ध युवक पकड़ा गया। बताया जा रहा है कि उसने मोटरसाइकिल चोरी की बात स्वीकारी और दो अन्य के शामिल होने की बात भी कही। एसएचओ अखिलेश कुमार ने बताया कि आरोपित से थाने में पूछताछ की जा रही है। (जासं)



तमकुहीराज के कोइंदी बुजुर्ग में नीम का पौधा लगाते चौकी इंचार्ज सुनील कुमार सिंह बाएं से दूसरे ● जागरण



ब्लॉक प्रमुख पद के लिए पर्चा दाखिल करने के दौरान विशुनपुरा ब्लॉक के मुख्य गेट पर तैनात एसओ जटहा बाजार। *संवाद न्यूज एजेंसी*



पर्चा दाखिला के दौरान सुरक्षा को लेकर दुदही ब्लॉक परिसर में तैनात पुलिस कर्मी। *संवाद न्यूज एजेंसी*

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-07-2021



डीएम डॉ.उज्ज्वल कुमार, एसपी प्रदीप गुप्ता ने गुरुवार को सदर, फरेंदा, लक्ष्मीपुर, नौतनवा, निचलौल, मिठौरा ब्लॉक में नामांकन कार्य का निरीक्षण किया।

# मानव तस्करी निषेध को लेकर किया जागरूक

**निचलौल।** पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति, शाखा निचलौल द्वारा संचालित स्वरक्षा (मानव तस्करी निषेध) कार्यक्रम के तहत गुरुवार को बाल संसद के प्रतिनिधियों का शैक्षणिक भ्रमण हुआ। पुलिस चौकी रेगहिया एवं एसएसबी की सीमा चौकी शीतलापुर खेसरहा में ले जाकर जानकारी दी गई। इस दौरान बाल संसद के प्रतिनिधियों को बाल तस्करी, बाल श्रम एवं बाल विवाह रोकने के साथ ही साथ किसी भी प्रकार से गैर कानूनी कार्य होने पर उस विभाग को हेल्पलाइन नंबर बताया गया। इसमें एसएसबी का 1903, पुलिस का 112, चाइल्ड लाइन का 1098, मुख्य मंत्री का 1076 , आशा ज्योति केंद्र का 181 आदि को बताया गया।



नामांकन प्रक्रिया का जायजा लेते डीएम और एसपी। संवाद न्यूज एजेंसी



नौतनवां में नामांकन पत्र के दाखिले के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद पुलिसकर्मी। संवाद न्यूज एजेंसी



# पुलिस ने आरोपियों पर की कार्रवाई

**महराजगंज।** थाना पुरंदरपुर पुलिस ने मनोज निवासी मधुकरपुर महादेवा के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद कर चालान कर दिया। थाना परसामलिक पुलिस ने धर्मेंद्र निवासी पडौली थाना परसामलिक के कब्जे से एक कटारी बरामद कर चालान कर दिया। बृजमनगंज पुलिस ने परवेज निवासी धानी को एक चाकू एवं कोल्हुई पुलिस ने छोटू निवासी पिपरा पांडेय थाना उसका जनपद सिद्धार्थनगर के कब्जे से एक चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बृजमनगंज पुलिस ने निसार अहमद निवासी सौराहा, घुघली पुलिस ने छेदी निवासी नंदना, सिंदुरिया पुलिस ने हरिनाथ यादव निवासी मिठौरा के खिलाफ गुंडा अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-07-2021

# बस्ती में मुठभेड़ में 3 लुटेरे गिरफ्तार, दो को लगी गोली

बस्ती | निज संवाददाता

कोतवाली थाना क्षेत्र में मूड़घाट पतेलवा स्थित डेल्हीवेरी प्राइवेट लिमिडेट से 16 जून को 3.58 लाख लूटने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों की फायरिंग में चौकी प्रभारी बड़ेवन घायल हो गए। पुलिस फायरिंग में दो लुटेरों को भी गोली लगी है।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि दिव्यांशु सिंह निवासी ओरीजोत थाना कोतवाली मूल निवासी कालेसर थाना सहजनवा, गोरखपुर व रामकिशुन निवासी अगई भगाड़ थाना नगर डेल्हीवेरी कंपनी में काम करते थे। इन दोनों ने कंपनी में लूट की साजिश रची। जिसमें हर्षित पांडेय निवासी सरजू नहर

## कामयाबी

- मुठभेड़ में बदमाशों की गोली से दरोगा भी घायल
- एक कंपनी से चार लाख लूट के आरोपी हैं तीनो बदमाश

कॉलोनी थाना कोतवाली बस्ती ने मदद की। गुरुवार भोर में मुखबिर की सूचना पर डारीडीहा से भदेश्वरनाथ मंदिर जाने वाले मार्ग पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की और तीन लुटेरों को दबोच लिया। इस दौरान दिव्यांशु व हर्षितके पैर में गोली लगी, जबकि दरोगा जनार्दन प्रसाद का बायां हाथ फायरिंग में जख्मी हो गया। लूटी गई रकम में से 70 हजार रुपये, 315 बोर का तमंचा बदमाशों से बरामद हुआ।

> संबंधित खबर पेज 03

# कंपनी के ही दो कर्मचारी थे लूट के मास्टरमाइंड

**मुठभेड़**

बस्ती | निज संवाददाता

- शार्टकट से ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर में पकड़ी अपराध की राह
- घटनास्थल की पहले से थी पूरी जानकारी, जांच के दौरान आए पुलिस रडार पर

ऑनलाइन ऑर्डर डिलीवरी का काम करने वाली डेल्हीवेरी प्राइवेट लिमिडेट के दो कर्मचारी ही इस लूटकांड के मास्टरमाइंड थे। इन दोनों को इस बात की अच्छी तरह जानकारी थी कि रात तक काफी कैश रोज कंपनी में पहुंचता है। इसी कारण दोनों ने वारदात के लिए दुकान बंद होने के पहले का समय चुना। उन्होंने बताया कि कर्मचारी दिव्यांशु सिंह निवासी ओरीजोत थाना कोतवाली स्थाई पता कालेसर थाना सहजनवां गोरखपुर यहां डिलीवरी लीडर के तौर पर काम करता था, जबकि रामकिशुन निवासी अगई भगाड़ थाना नगर डिलीवरी ब्वॉय था। इन दोनों ने शार्टकट से एक बार में बड़ा हाथ मारने की लालच में पड़कर अपराध का रास्ता चुन लिया। अभी तक की तफ्तीश में इनका कोई आपराधिक इतिहास सामने नहीं आ सका है।



मुठभेड़ की सूचना पर जिला अस्पताल में भर्ती घायल बदमाश से पूछताछ करने गुरुवार को पहुंचे एसपी आशीष श्रीवास्तव। • हिन्दुस्तान

घटनाक्रम के बाद से ही वारदात की टाइमिंग व साक्ष्यों के आधार पर पुलिस की जांच कंपनी में काम करने वाले कर्मचारियों के इर्द-गिर्द ही घूम रही थी। सर्विलांस की लोकेशन के बाद ही दोनों पुलिस की रडार पर आ गए थे। इन दोनों ने वारदात को अंजाम देने के लिए हर्षित पाण्डेय निवासी सरजू नहर कालोनी थाना कोतवाली बस्ती, स्थाई पता लालापुरवा परास थाना तरबगंज गोण्डा की मदद ली। वह बस्ती में ही रह रहा था और फिलहाल कोई काम नहीं करता था। बड़ी रकम लूटने के लिए असलहे का प्रबंध भी हर्षित ने ही किया था। तीनों की उम्र 25 साल के आसपास है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि लूट में कुल तीन लाख 58 हजार रुपये मिले थे।वारदात के समय मैनेजर से लूटा गया मोबाइल भागते समय अमहट पुल से नदी में फेंक दिया था।

## मैनेजर से की थी लूट

शहर कोतवाली के फोरलेन से सटे मूड़घाट पतेलवा स्थित डेल्हीवेरी प्राइवेट लिमिडेट की ब्रांच पर असलहाधारी बदमाशों ने 16 जून की रात करीब सवा दस बजे धावा बोलकर 3.58 लाख रुपया लूट लिया था। ब्रांच मैनेजर लालगंज थाना क्षेत्र के अमरौना निवासी नीरज पांडेय की तहरीर पर तीन बदमाशों पर लूट का केस दर्ज किया गया था।

## धरपकड़ करने वाली टीम

लूटकांड का खुलासा करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मनोज कुमार त्रिपाठी, स्वॉट प्रभारी विकास यादव, चौकी प्रभारी बड़ेबन जनार्दन प्रसाद, चौकी प्रभारी रौतापार नरायन लाल श्रीवास्तव, स्वॉट के दरोगा विनोद यादव, हेड कांस्टेबल मनीन्द्र प्रताप चन्द्र, रवि प्रताप सिंह, मनोज राय, कांस्टेबल रविन्द्र शंकर शाह, सर्विलांस के सिपाही जनार्दन प्रजापति, हिन्दे आजाद, सतेन्द्र सर्विलांस, कोतवाली के हेड कांस्टेबल दीपक सिंह, संजय शामिल रहे।

# फर्जी विजिलेंस अधिकारी गिरफ्तार, दोनों को जेल

सल्टौआ/भानपुर | हिन्दुस्तान संवाद

## केस दर्ज

- मेडिकल स्टोर संचालकों से वसूली कर हुए थे फरार
- एक प्रतापगढ़ का और दूसरा बस्ती का रहने वाला है

सोनहा थाना क्षेत्र में फर्जी विजिलेंस अधिकारी बनकर मेडिकल स्टोर संचालकों से वसूली कर फरार हुए दोनों ठगों को पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर दबोच लिया। दोनों आरोपियों को बैड़वा मन्दिर के पास से सुबह साढ़े दस बजे पकड़ा गया। एक प्रतापगढ़ का और दूसरा बस्ती का रहने वाला है।

प्रभारी निरीक्षक सोनहा रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि अमित कुमार निवासी ग्राम जगदीशपुर उर्फ नवगढवां थाना सोनहा तहरीर देकर बताया गया था कि छह जून को सुबह करीब साढ़े दस बजे वह नवगढ़वा चौराहे पर अपने मेडिकल स्टोर पर मौजूद था। उसी समय दुकान के सामने एक कार आकर रुकी और उसमें से उतरे दो लोग दुकान पर आए। बताया कि हम लोग लखनऊ विजिलेंस से हैं।

तुम मेडिकल स्टोर खोलकर लोगों को इंजेक्शन लगाते हो इस आरोप में मुकदमा दर्ज कराकर जेल भेजा जाएगा। बहुत कहने पर दोनों पांच हजार रुपये लेकर छोड़ने पर माने। बोले करमहिया बाजार से लौटते हैं तब तक पैसों का इंतजाम करो। इसी बीच अमित ने सीएचसी भानपुर पर दोनों के बारे में पता किया तो बताया गया कि कोई भी विजिलेंस टीम नहीं आई है। एसएचओ रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर सुनील कुमार सिंह निवासी ग्राम नरहरपुर थाना कोहडौर जनपद प्रतापगढ़ और अजीत सिंह निवासी ग्राम पिकौरा शिव गुलाम थाना कोतवाली बस्ती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

सुनील के खिलाफ वाराणसी जनपद के विभिन्न थानों में चार मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सोनहा राम कृष्ण मिश्र, एसआई रमेश कुमार यादव, हेकां. राजेशधर दुबे और कां विशाल कुमार सिंह शामिल रहे।

# पुलिस ने दो जालसाजों को दबोचा

**जागरण संवाददाता, बस्तीः** सोनहा पुलिस ने विजलेंस टीम के नाम पर ठगी करने वाले दो जालसाजों को 24 घंटे के भीतर धर दबोचा। उन्हें भानपुर के निकट बैड़वा समय माता मंदिर के मोड़ से सुबह 10.30 बजे गिरफ्तार किया गया। ठगी के आरोप में पकड़े गए जालसाजों में सुनील कुमार सिंह निवासी नरहरपुर थाना कोहड़ौर जनपद प्रतापगढ़ व अजीत सिंह निवासी पिकौरा शिवगुलाम थाना कोतवाली बस्ती शामिल है।

सात जुलाई को अमित कुमार निवासी जगदीशपुर नौगढ़वा थाना सोनहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दिन में करीब 10.30 बजे वह नौगढ़वा चौराहे पर अपने मेडिकल स्टोर पर मौजूद था। इसी बीच उसके दुकान के सामने लखनऊ के नंबर की एक कार आकर रुकी। उसमें से दो व्यक्ति निकले और उनके



सोनहा थाने में पकड़े गए फर्जी विजिलेंस अधिकारी ● सौ.पुलिस विभाग

दुकान पर आकर कहा कि वह विजलेंस टीम लखनऊ से हैं। ठगों ने मुकदमा लिखवाकर जेल भेजने की धमकी दी। उसके अनुनय-विनय करने पर ठगों ने कहा कि पांच हजार रुपये दे दो तो छोड़ देंगे। पीड़ित ने रकम न होने की बात कही तो उन्होंने कहा कि वे करमहिया बाजार से लौट कर आते हैं, तब तक रकम तैयार रखना।

# फर्जी विजिलेंस अधिकारी बनकर पहुंचे दो गिरफ्तार

## धौंस देकर मेडिकल स्टोर पर मांग रहे थे पांच हजार रुपये

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** विजिलेंस के फर्जी अधिकारी बनकर वसूली करने पहुंचे दो आरोपितों को सोनहा थाने की पुलिस धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है। दोनों कार में सवार होकर नवगढ़वा चौराहे पर स्थित मेडिकल स्टोर पर पांच हजार रुपये वसूलने पहुंचे थे।

दुकान संचालक अमित कुमार निवासी जगदीशपुर उर्फ नवगढवां थाना सोनहा ने प्रार्थना पत्र दिया था। बताया था कि बुधवार को करीब

### सोनहा थाने के नवगढ़वा चौराहे की घटना

10.30 बजे दुकान के सामने कार रुकी। उसमें से दो व्यक्ति निकल कर दुकान पर आए और बताया कि वे लखनऊ बिजलेंस टीम से हैं। कहा कि तुम इंजेक्शन लगाते हो, जिसके कारण तुम्हारे खिलाफ मुकदमा लिखवाकर जेल भेजवा दूंगा। बहुत अनुनय-विनय करने पर छोड़ने के लिए पांच हजार रुपये की मांग करने लगे। दुकानदार ने रुपये न होने की बात बताई तो उन दोनों ने कहा कि करमहिया बाजार से लौट कर आएंगे, तब रुपये दे देना। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार नंबर के आधार पर पहचान की। दोनों आरोपितों को बैड़वा मंदिर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपितों की पहचान सुनील कुमार सिंह निवासी नरहर पुर थाना कोहड़ौर जनपद प्रतापगढ़ और अजीत सिंह निवासी पिकौरा शिवगुलाम थाना कोतवाली बस्ती के रूप में हुई है। इनमें सुनील कुमार पर जनपद वाराणसी जीआरपी थाने में तीन मुकदमे दर्ज हैं।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-07-2021

# 134 वाहनों का चालान

**सिद्धार्थनगर।** जनपद पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कागजात में कमी पाए जाने, हेलमेट न पहनने और तीन सवारी बिठाकर बाइक चलाने के आरोप में 134 वाहनों का चालान कर दिया। साथ ही 112500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कोरोना काल में नियमों का पालन कराने के लिए लगातार अभियान चलेगा। लोग नियमों का पालन करें जिससे उनकी जिंदगी सुरक्षित रहे और दूसरे लोगों को भी काई असुविधा न हो।

# पुलिस लगाएगी गांव में चौपाल



चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक करते बीट पुलिसकर्मी ● जागरण

**जासं, शोहरतगढ़:** लोगों को अब अपनी समस्या लेकर थाने का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। पुलिस हल्का व बीट अनुसार रोज गांवों में जाकर चौपाल लगाएगी। लोगों की समस्या सुनेगी। गांव में समस्या के निस्तारण का पूरी कोशिश करेगी।


इंस्पेक्टर राजेन्द्र बहादुर सिंह की अगुवाई में बीट प्रभारी अपने-अपने बीट-क्षेत्र के गांव में जाकर चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं के निस्तारण पर कार्य करेगी। एसओ राजेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस विभाग से प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं व जनहित में चलाये गए विभिन्न अभियानों जैसे महिला सुरक्षा सर्वे, एन्टी रोमियो अभियान, के विषय में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए अपराध से दूर रहने व अपराधियों की सूचना पुलिस से साझा करेगी, ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

इसके साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपील तथा किसी भी प्रकार के अफवाहों से बचने हेतु जागरूक भी किया जाएगा। इसके साथ ही कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि शोहरतगढ़ पुलिस यातायात के नियमों का पालन न करने तथा अशांति फैलाने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई भी करेगी।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-07-2021

# डीएम-एसपी ने नामांकन प्रक्रिया का लिया जायजा



**धनघटा (एसएनबी)।** ब्लाक प्रमुख चुनाव के नामांकन के दौरान गुरूवार को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ बारी-बारी से नाथनगर, हैंसर और पौली ब्लाक पर पहुंचे और नामांकन प्रक्रिया का जायजा लिया। इस दौरान दोनों आलाधिकारियों ने मातहतों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जानकारी प्राप्त की साथ ही जरूरी दिशा-निर्देश भी दिया। सर्वप्रथम दोनों आलाधिकारी नाथनगर ब्लाक पर करीब 11 बजे पहुंचे तक तक किसी प्रमुख प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने नहीं पहुंचा था। दोनों आलाधिकारियों ने मौके पर सुरक्षा की कमान सम्भाल रहे थानाध्यक्ष महुली धर्मेन्द्र कुमार सिंह से बात कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी प्राप्त कर जरूरी निर्देश दिया। उसके बाद दोनों आलाधिकारी हैंसर ब्लाक पहुंचे तो उस वक्त निवर्तमान ब्लाक प्रमुख प्रिंस अगम सिंह शैकी के साथ जयन्त्रिरा देवी प्रमुख पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर रही थी। दोनों आलाधिकारियों ने एसडीएम धनघटा योगेश्वर सिंह, सीओ अंशुमान मिश्र तथा प्रभारी निरीक्षक धनघटा रोहित प्रसाद ने सुरक्षा के इंतजामों की जानकारी ली और जरूरी दिशा-निर्देश दिया। उसके बाद दोनों आलाधिकारी पौली ब्लाक पहुंचकर नामांकन प्रक्रिया का जायजा लेने के बाद धनघटा स्थित वन विभाग के डाक बंगले में पहुंचे जहां अपरान्ह 3 बजे तक मौजूद रहकर तीनों ब्लाकों के नामांकन प्रक्रिया के पल पल की खबर लेते रहे और तीन बजे के बाद जिला मुख्यालय रवाना हो गए।

# शांतिभंग के आरोप में तीन गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस ने तीन लोगों पर शान्ति भंग की धारा में कार्रवाई की।

तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस मीडिया सेल के अनुसार थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। वहीं धनघटा पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

# ४४ वाहनों से शमन शुल्क वसूला

संतकबीरनगर। जिले के सभी थानों की पुलिस ने अभियान चलाकर बिना नियम चल रहे वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की। ४४ वाहनों से शमन शुल्क वसूला। पुलिस मीडिया सेल के अनुसार जिले के बैंक, वाहन व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई। इस दौरान, प्रभारी यातायात ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई की। वाहनों पर कार्रवाई कर 67 हजार रुपये वसूल किया गया।

# बिना मास्क घूमने पर वसूला जुर्माना

सन्तकबीरनगर। जिले के पुलिस कर्मियों ने अभियान चलाकर बिना मास्क के घूम रहे लोगों पर जुर्माना लगाया। लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक किया।

पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार तीनों सर्किलों के सभी थानों में कोविड संक्रमण रोकने के लिए अभियान चलाया। लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने, हाथ धोने आदि के लिए जागरूक किया गया। बिना मास्क के घूम रहे 33 व्यक्तियों से पांच हजार 350 रूपए चालान वसूल किया गया।

# कल कचहरी परिसर में आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी गुरुवार को पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने दी।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबे समय से न्यायालयों में लंबित सामान्य मामलों के साथ ही प्रतिकर के आधार पर निपट सकने वाले मामलों का निस्तारण किया जाएगा। लोगों को योजना का लाभ उठाने के लिए निर्धारित समय के अंदर न्यायालय में उपस्थित होना चाहिए।



धनघटा थाना थाना परिसर में पंचवटी अभियान के तहत बरगद का पौधारोपण करते (मध्य में) थानाध्यक्ष रोहित प्रसाद, (बाएं) उप निरीक्षक श्याम देव, (दाएं) राम मिलन यादव • जागरण

# ब्लाक प्रमुख पद के लिए जमा हुए पर्चे जांच में सही मिले



नाथनगर ब्लाक के समीप प्रमुख प्रत्याशी के समर्थक का हिदायत देते एसपी (दाएं) डा. कौस्तुभ व डीएम दिव्या मित्तल • जागरण



खलीलाबाद ब्लाक सभागार में नामांकन के दौरान मौजूद एसडीएम राजनारायण त्रिपाठी (बाएं), सीओ अम्बरीष भदौरिया व पुलिसकर्मी • जागरण

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर:** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जनपद के सभी ब्लाक मुख्यालयों पर ब्लाक प्रमुख पद के लिए गुरुवार को सुबह ग्यारह बजे से दोपहर के तीन बजे तक नामांकन दाखिल किए गए। इसके बाद दोपहर के तीन बजे से जमा किए गए पर्चे की जांच की गई। जांच में सभी पर्चे सही मिले हैं। डीएम दिव्या मित्तल, एसपी डा. कौस्तुभ, एडीएम मनोज कुमार सिंह, एएसपी संतोष कुमार सिंह भ्रमण कर जायजा लेते रहे। वहीं, तीनों तहसील के एसडीएम व सीओ भी पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। दावेदार को शुक्रवार को पर्चा वापस लेकर चुनाव मैदान से बाहर हो सकेंगे।

ब्लाक प्रमुख पद के लिए खलीलाबाद की सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां

## जांच

- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नामांकन व पर्चा की जांच प्रक्रिया की गई पूरी
- डीएम, एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने भ्रमण कर स्थिति का लिया जायजा

से भाजपा की प्रमिला और सपा के श्याम बिहारी पासवान ने गुरुवार को पर्चा जमा किया। इनके पर्चे जांच में सही मिले हैं। सेमरियावां ब्लाक की सीट महिला के लिए आरक्षित है। यहां से भाजपा की बीनू ने एक सेट, निवर्तमान ब्लाक प्रमुख मुमताज अहमद की मां व सपा की दावेदार महजहरुन निशा ने दो सेट तथा निर्दल दावेदार हाजरा खातून ने एक सेट में नामांकन किया था। जांच में इन सभी दावेदारों के नामांकन प्रपत्र सही पाए गए। बघौली ब्लाक की सीट अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित है। यहां से भाजपा की सरिता सिंह सैंथवार ने नामांकन किया। इसके बाद सपा की चंद्रावती देवी ने नामांकन किया। जांच में दोनों के पर्चे सही मिले। मेंहदावल ब्लाक की सीट अनारक्षित है। यहां से सिर्फ भाजपा की पुष्पा त्रिपाठी ने पर्चा जमा किया। किसी अन्य दल अथवा निर्दल ने पर्चा जमा नहीं किया। इसलिए इनका निर्विरोध चुनाव जीतना लगभग तय है। बेलहरकला ब्लाक की सीट अनारक्षित है। यहां से गुरुवार को भाजपा के डा. भूपेंद्र सिंह ने नामांकन किया। वहीं पहले निर्दल रहे व बाद में सपा का समर्थन हासिल करने वाले राकेश्वर राय ने नामांकन किया। जांच में इन दोनों दावेदारों का पर्चा वैध मिला है। सांथा ब्लाक की सीट अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। यहां से भाजपा दावेदार अरविंद कुमार जायसवाल, सपा दावेदार नीलम चौधरी व निर्दल के रूप में अमीना खातून ने पर्चा दाखिल किया है। जांच में इन सभी दावेदारों के पर्चे सही मिले हैं। हैंसर बाजार ब्लाक की सीट अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित है। यहां से भाजपा की कालिंदी, निर्दल जइंत्रा देवी व निर्दल फूलमती ने पर्चा जमा किया था। जांच में सभी पर्चे सही मिले। पौली ब्लाक की सीट अनारक्षित है। यहां से भाजपा के अरुण शरण पाण्डेय, निर्दल राकेश सिंह, निर्दल राममिलन व इनकी पत्नी निवर्तमान ब्लाक प्रमुख शोभा ने पर्चा जमा किया। जांच में सभी के पर्चे सही मिले हैं। नाथनगर ब्लाक की सीट अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हैं। यहां से निर्दल उषा देवी, सपा दावेदार कृष्णचंद्र यादव व भाजपा दावेदार रामवृक्ष ने पर्चा जमा किया। जांच में सभी के पर्चे सही मिले हैं।

# नामांकन व जांच की हुई वीडियोग्राफी

जागरण टीम, संतकबीर नगरः जनपद के सभी नौ ब्लाक मुख्यालयों पर ब्लाक प्रमुख पद के लिए नामांकन व जांच की प्रक्रिया के लिए गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इसकी वीडियोग्राफी भी हुई। शांतिपूर्ण माहौल में यह कार्यवाई पूर्ण कराने के लिए डीएम, एसपी सहित अन्य अधिकारी लगे। ब्लाक मुख्यालयों पर भीड़ न जुटे, इसके लिए जगह-जगह बैरियर लगाए गए थे।

धनघटा प्रतिनिधि के अनुसार डीएम दिव्या मित्तल, एसपी डा. कौस्तुभ ने गुरुवार को बारी-बारी से हैंसर बाजार, पौली व नाथनगर ब्लाक मुख्यालय में नामांकन कार्य का जायजा लिया। डीएम और एसपी ने कहा कि शांतिपूर्ण माहौल के बीच निष्पक्ष चुनाव कराना प्राथमिकता में है। ब्लाक परिसर के अंदर केवल प्रस्तावक और अनुमोदक के अलावा बाहरी व्यक्ति को किसी भी दशा में प्रवेश करने न दिया जाए। बाहरी लोगों को बाहर रोक दिया जाए ताकि कोई समस्या न आएं। हैंसर बाजार ब्लाक में एसडीएम योगेश्वर सिंह, तहसीलदार रत्नेश तिवारी, सीओ अंशुमान मिश्र के साथ थानाध्यक्ष रोहित प्रसाद कमान संभाले हुए थे। पौली ब्लाक में नायब तहसीलदार रामसुख शर्मा, उप निरीक्षक मनोज पटेल सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे।



बेलहर में ब्लाक प्रमुख चुनाव के नामांकन के दौरान भिड़े सपा-भाजपा प्रत्याशी के समर्थक। ● जागरण

नाथनगर ब्लाक में थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मी सक्रिय रहे। मेंहदावल प्रतिनिधि के अनुसार मेंहदावल ब्लाक में एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी व सीओ राम प्रकाश ने भ्रमण कर नामांकन कार्य का जायजा लिया। शांतिपूर्ण माहौल में नामांकन व जांच की कार्यवाही पूर्ण कराने के लिए थानेदार जयवर्धन सिंह काफी संख्या में पुलिस कर्मियों के साथ ब्लाक परिसर में मौजूद रहे। बेलहरकलां ब्लाक में सुरक्षा की कमान थानेदार रणविजय सिंह ने संभाली थीं। सांथा ब्लाक में एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह कैंप करते रहे।

# बगैर मास्क पकड़े गए 33 लोग

संतकबीरनगर। बिना मास्क के घूमने वालों 33 लोगों को पुलिस ने पकड़ा। एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि इनसे पुलिस ने 5350 रुपये जुर्माना वसूल किया। संवाद

# डीएम और एसपी ने निरीक्षण किया

## नाथनगर ब्लॉक में कर्मचारियों को नामांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। नाथनगर ब्लॉक प्रमुख पद के लिए एक महिला समेत पांच ने नामांकन किया। डीएम व एसपी ने केंद्र का औचक निरीक्षण किया और पूरी पारदर्शिता के साथ प्रक्रिया निबटाने के निर्देश दिए।

नाथनगर ब्लॉक पर तीन उम्मीदवारों ने प्रमुख पद के लिए नामांकन किया है। नामांकन शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए पुलिस काफी सतर्क रही। मुख्य गेट पर गहन जांच के बाद ही प्रत्याशी व समर्थकों को अंदर जाने की अनुमति मिली। नामांकन परिसर में सुरक्षा की जिम्मेदारी कोविड प्रभारी रविंद्र कुमार के साथ एसआई राजेश मिश्र, धर्मेंद्र यादव, रमेश तिवारी, जितेंद्र सिंह आदि मुस्तैद रहे। जबकि बाहर एसओ धर्मेंद्र कुमार यादव निगरानी कर रहे थे।



पौली ब्लॉक में नामांकन स्थल का निरीक्षण करतीं डीएम और एसपी।

डीएम दिव्या मित्तल, एसपी डॉ. कौस्तुभ 12 बजे अचानक नामांकन स्थल पर पर पहुंचे। उन्होंने आरओ नागेंद्र कुमार सिंह से नामांकन प्रक्रिया संबंधित जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ निर्वहन करें। पुलिस से सुरक्षा संबंधित जानकारी ली। इसके बाद सीधे शीर्ष अधिकारी धनघटा की तरफ निकल गए।

### नामांकन प्रक्रिया में वरिष्ठ नेताओं ने दर्ज कराई उपस्थिति

धनघटा। नाथनगर ब्लॉक पर नामांकन प्रक्रिया में भाजपा समर्थित प्रत्याशी राम वृक्ष यादव के नामांकन में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री श्रीराम चौहान, जिलाध्यक्ष बद्री यादव, निवर्तमान प्रमुख दिगपाल पाल, गोविवि छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सत्यपाल पाल, छांगुर यादव आदि शामिल थे। वहीं, सपा समर्थित कृष्णचंद्र यादव के पक्ष में पूर्व विधायक अलगू प्रसाद चौहान, सपा महासचिव केडी यादव, पूर्व प्रमुख शिव नाथ यादव, राजमन यादव, रामचंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-07-2021

# महिला सिपाही ने कराया मवेशी का इलाज

**नवाबगंज।** कस्बे के मुट्ठीगंज मोहल्ले में एक बछड़ा काफी बीमार था, वह चलने फिरने में असमर्थ था। इसकी जानकारी थाने में तैनात महिला सिपाही आयुष कुमारी यादव को हुई तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर बछड़े को दूध पिलाया। उसे पशु चिकित्सालय पहुंचा कर उसका इलाज कराया। सिपाही द्वारा गोवंश की सेवा की प्रशंसा काफी हो रही है। कांस्टेबल आयुष को गोवंशों व पशु पक्षियों के प्रति गहरा लगाव है। (संवाद)

CS Scanned with CamScanner

# महिलाओं पर फब्तियां कसने पर युवक गिरफ्तार

**वजीरगंज(गोंडा)।** उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह ने बड़ा दरवाजा निवासी सुलेमान को आती-जाती महिलाओं के साथ अश्लील शब्दों का प्रयोग करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक केके राणा ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध संबंधित धारा में केस दर्ज किया गया है। संवाद

CS Scanned with CamScanner

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-07-2021

श्रावस्ती : हेमंत कुमार

# अधिकारियों ने निरीक्षण कर नामांकन का लिया जायजा



**बलरामपुर।** ब्लॉक प्रमुख पद का चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों ने गुरुवार को अलग-अलग ब्लॉकों का निरीक्षण कर नामांकन प्रक्रिया का जायजा लिया। नामांकन प्रक्रिया व सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

गुरुवार को डीएम श्रुति एवं पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल ने विकास खंड गैसड़ी एवं हरैया सतघरवा ब्लॉक का निरीक्षण किया। ब्लॉक प्रमुख पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया का जायजा लेते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ब्लॉकों में तैनात सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिया कि नामांकन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें। किसी भी तरह की अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। एसडीएम तुलसीपुर विनोद कुमार सिंह एवं एसडीएम बलरामपुर अरुण कुमार गौड़ भी मौजूद रहे। इसी तरह एडीएम अरुण कुमार शुक्ला एवं एएसपी अरविंद मिश्रा ने गैसड़ी व पचपेड़वा विकास खंड का निरीक्षण कर नामांकन प्रक्रिया का जायजा लिया। संवाद

## महिला पुलिस कर्मियों ने चलाया अभियान

**बलरामपुर।** जिले की सभी कोतवाली व थानों की महिला पुलिस कर्मियों की टोली ने जागरूकता अभियान चलाया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 113 वाहनों से 58,700 रुपये जुर्माना वसूले गए। कोरोना प्रोटोकॉल के उल्लंघन में 81 लोगों से 29500 रुपये का जुर्माना चालान किया गया। (संवाद)

# बलरामपुर में सात प्रमुखों का निर्विरोध निर्वाचन

**बलरामपुर।** ब्लाक प्रमुख चुनाव में एक बार फिर सत्ताधारी दल का जादू सिर चढ़कर बोलता दिखा। 7 ब्लाकों में भाजपा प्रत्याशियों का एकल नामांकन के चलते निर्विरोध निर्वाचन निश्चित हो गयाहै। तुलसीपुर तथा हरैया सतघरवा ब्लाक में चुनाव हो सकता है। हलांकि इसमें भी शुक्रवार को होने वाली नाम वापसी पर सबकी निगाहे टिकी हुई हैं। संवाद

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-07-2021

आपदा मोचन की टीमों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सिखाए बचाव के तरीके

# 1.32 लाख लोगों ने बचाव सीखा

**घाघरा का कछार**

बहराइच | **संवाददाता**

महसी तहसील कछार में स्थित बाढ़ प्रभावित 1.32 लाख की आबादी पर मानसून में हमेशा बाढ़ व कटान का खतरा मंडराता रहा है। यहां के ग्रामीणों को उस समय बाढ़ से बचाव को लेकर सुरक्षा का एहसास हुआ। जब मुख्य राजस्व अधिकारी के निर्देशन में आपदा प्रबंधन टीम बौंडी के सिलौटा में घाघरा के किनारे बाढ़ आपदा प्रबंधन को लेकर पूर्वाभ्यास करने पहुंची।

बौंडी थाने के बाढ़ प्रभावित ग्राम सिलौटा स्थित घाघरा नदी के तट पर प्रशासन की ओर से बाढ़ आपदा पूर्वाभ्यास कराया गया। मॉकड्रिल की शुरुआत एनडीआरएफ कमांडेंट नीरज कुमार के अगुवाई में टीम के जवानों ने बाढ़ में डूब रहे युवक को बचाने के गुर बताएं व करके दिखाए। टीम कमांडेंट ने बताया कि यदि कोई भी युवक डूब रहा हो, तो तत्काल उसे रस्सा या बांस फेंककर उसे पकड़ने को कहें, और जब वह पकड़ ले, तो खींचकर निकाले। डूबे युवक के इलाज के बारे में बताते हुए सीएचसी प्रभारी फखरपुर डॉ. प्रत्यूष सिंह की अगुवाई में स्वास्थ्यकर्मियों ने तत्काल उसे स्ट्रेचर के जरिए एंबुलेंस में लिटाया। उन्होंने बताया कि यदि बाढ़ में कोई डूबा हो, और उसे निकाला जाए और तत्काल नजदीकी हॉस्पिटल ले जाना चाहिए।



घाघरा के किनारे डूबे युवक को बचाने का पूर्वाभ्यास करती आपदा प्रबंधन की टीम

सांप काटने पर उस स्थान के ऊपर बंद बांधना चाहिए। डेटॉल व तेज पानी से धोते हुए तत्काल हॉस्पिटल ले जाना चाहिए। झाड़ फूंक, चीरा आदि के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। जच्चा-बच्चा का नियमित टीकाकरण करवाना चाहिए। शरीर में पानी की कमी कदापि नहीं होने देना चाहिए। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार व सीओ महसी जेपी त्रिपाठी ने बाढ़ के दौरान सहायता के लिए पुलिस को सूचना दें। अधिशासी अभियंता सरयू ड्रेनेज खण्ड शोभित कुशवाहा ने ग्रामीणों से अपील की कि यदि कहीं स्पर-स्टड अथवा तटबंध बाढ़ से क्षतिग्रस्त होता है, तो तत्काल इसकी सूचना सिंचाई विभाग के कर्मचारियों को दें।

**घाघरा में पानी बढ़े तो ऊंचे स्थान पर चले जाएं:** एसडीएम एसएन त्रिपाठी ने ग्रामीणों को बताया कि यदि घाघरा नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही हो, तो ऊंचे स्थानों पर चले जाएं। तहसीलदार महसी राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि बाढ़ के दौरान लंगर की व्यवस्था रहेगी।

## पूर्वाभ्यास

- सीआरओ व एएसपी के निर्देशन में ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव बताया
- अफसरों ने कहा- बाढ़ आने पर सबसे पहले ऊंची जगह पर पहुंचें

## घाघरा की कटान में खत्म हो चुकी हैं 11 पंचायतें

**बहराइच।** महसी तहसील की एक लाख 32 हजार 356 की आबादी पर प्रति वर्ष बाढ़ का खतरा मंडराता रहता है। घाघरा में प्रतिवर्ष नेपाल से छोड़े जा रहे पानी के विकराल ताण्डव में अब तक डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों की जान जा चुकी हैं। घाघरा की कटान में अब तक तहसील की 11 ग्राम पंचायतें कपरवल, दरियापुर कला, दरियापुर खुर्द, तूलापुर, चुरवलिया, नौबस्ता, संसारी, मुंसारी, आशापुरवा, खरगापुर, पण्डित पुरवा पूरी तरह अपना अस्तित्व खो चुका हैं। महसी तहसील के टिकुरी, पसियन पुरवा, धोबिन पुरवा, लाला पुरवा, नगेशर पुरवा सहित पांच गावों को घाघरा अपना निवाला बनाने को आतुर है।

# अपहरण मामले में महिला सहित दो अन्य गिरफ्तार

बहराइच | **संवाददाता**

## धर्मांतरण की आशंका

- अपहत विवाहिता की बरेली, फिर दिल्ली में मिली थी लोकेशन
- बरामद नहीं हो सकी है विवाहिता धर्मान्तरण की आशंका

बौंड़ी इलाके के एक गांव से एक जुलाई की रात अपहत विवाहिता का मायके से अपहरण हो गया था। पुलिस ने इस मामले में भी दो महिलाओं सहित पांच को नामजद किया है। प्रकाश में आए एक युवक व एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। विवाहिता की तलाश में पुलिस टीमें लगी है।

बौंडी थाने के एक गांव निवासी व्यक्ति ने इसी वर्ष मई में अपनी बेटी की शादी की थी। शादी के बाद गौना नहीं दिए जाने की वजह से बेटी अपने मायके में ही थी। एक जुलाई को यह विवाहिता बेटी व उसकी दूसरी 14 वर्षीय बेटी घर में थी। दो महिलाएं बहाने से विवाहिता बेटी को अपने साथ ले गई। उसकी तलाश शुरू हुई तो पांच नाम सामने आए। पीड़ित पिता ने दो महिलाओं सहित पांच को नामजद किए जाने पर पुलिस ने अपहरण व धमकी की धाराओं में केस दर्ज किया गया था। अपहृत की लोकेशन पहले बरेली में मिल रही थी, जबकि मंगलवार शाम से उसकी लोकेशन दिल्ली में पाई मिल रही थी। गुरुवार को पुलिस ने भिलौरा बसंती गांव में दबिश देकर राधेश्याम व रशीदा को गिरफ्तार किया है। एसएचओ मनोज कुमार राय ने बताया कि तहकीकात में राधेश्याम का नाम प्रकाश में आया था।

# गोवध अधिनियम में एक और आरोपी गिरफ्तार

बहराइच | संवाददाता

जून के अंतिम सप्ताह में बख्शीगांव में प्रतिबंधित प्रजाति के मवेशियों के वध मामले में नवाबगंज पुलिस ने एक और आरोपी को दबोच लिया।

24 जून को नवाबगंज थाने के बख्शीगांव में प्रतिबंधित प्रजाति के मवेशियों के अवशेष मिले थे। इस मामले में केस दर्ज किया गया था। पांच आरोपियों को दो चक्र में पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि प्रकाश में आए दो आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। गुरुवार को एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार, सीओ नानपारा जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में दरोगा रविन्द्र चंद्रा, अयोध्या प्रसाद, हेड कांस्टेबल स्वतंत्र विक्रम सिंह, सिपाही राकेश कुमार ने थाने के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान वाऊ उर्फ वऊआ उर्फ अब्दुल करीम के रूप में हुई है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# बाइक चोर को ग्रामीणों ने पकड़कर पीटा

बहराइच | **संवाददाता**

एक व्यक्ति बुधवार को बाइक से विसवां गांव में आया था। उसकी बाइक चोरी हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल तेजी दिखाते हुए छिपा कर रखी गई बाइक भी बरामद की। वाहन चोर को भी धर दबोचा। उसकी जमकर धुनाई के बाद पुलिस को सौंप दिया गया। पूछताछ के बाद पुलिस ने फखरपुर से चोरी गई एक और बाइक बरामद की। पुलिस ने पूछताछ कर केस दर्ज किया। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

बौंड़ी थाने के हेमनापुर लोधनपुरवा निवासी पवन कुमार बुधवार को बाइक से बिसवां आए। बिसवा निवासी लम्बरदार सिंह के यहां दरवाजे पर बाइक खड़ी कर लोगों से मिलने चले गए। किसी चोर ने वहां से बाइक पर हाथ साफ किया और पास के एक तालाब में छिपा दी। कुछ देर बाद चोरी की जानकारी घर के लोगों को हुई फिर गांव वालों ने इधर- उधर बाइक की खोज शुरू कर दी। काफी समय और मेहनत के बाद बाइक को तालाब में छिपाए जाने की जानकारी मिली। पास में ही संदिग्ध अवस्था में एक युवक दिखाई दिया। उससे ग्रामीणों ने जानकारी के लिए बुलाया तब वह भागने लगा।

इस पर ग्रामीणों ने उसे घेर कर दबोच लिया। उसकी जमकर धुनाई की गई। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। दरोगा रामकेश चौधरी, सिपाही सचिन चौधरी मौके पर पहुंच गए। पूछताछ में आरोपी की पहचान फखरपुर थाने के बैदोरा निवासी कुतुब अली के रूप में हुई। थाने में लाकर पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर फखरपुर से चोरी गई एक ओर बाइक बरामद की गई।

## बाइक बरामद

- सूचना देकर बुलाई पुलिस, बाइक व वाहन चोर पुलिस को सौंपा
- पीड़ित की तहरीर पर चोरी व बरामदगी का केस दर्ज कर जेल भेजा

## बीमा अभिकर्ता की बाइक का सुराग नहीं

**बहराइच।** श्रावस्ती जिले के पटना खरगौरा गांव निवासी बीमा अभिकर्ता प्रभाकर पाठक पुत्र देवीदयाल पाठक 29 जून को शहर के हीरा सिंह मार्केट स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय आयाा था। वह अपनी हीरा हॉण्डा स्प्लेण्डर बाइक नम्बर यूपी 40 जे 4037 खड़ी कर कार्यालय के अन्दर चले गए।

# मॉकड्रिल कर लोगों को बाढ़ से निपटने के बताए टिप्स

**महसी।** बाढ़ प्रभावित सिलौटा गांव में गुरुवार को विभिन्न विभाग की ओर से मॉकड्रिल कर लोगों को आपदा से बचाव के गुर बताए गए। जिसमें एनडीआरएफ, स्वास्थ्य, तहसील समेत अन्य विभाग के कर्मचारी शामिल रहे। सीआरओ और एएसपी की देखरेख में जवानों ने मॉकड्रिल किया।

महसी तहसील अंतर्गत सिलौटा गांव बाढ़ प्रभावित है। बाढ़ से पूर्व जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को मॉकड्रिल कराया गया। सीआरओ प्रदीप यादव और एएसपी अशोक कुमार की देखरेख में कायमपुर गांव स्थित घाघरा नदी के तट पर मॉकड्रिल आयोजित हुआ। एनडीआरएफ कमांडेंट नीरज कुमार की अगुवाई में टीम के जवानों ने बाढ़ में डूब रहे ग्रामीण को बचाने के टिप्स बताए।

बाढ़ में डूबे व्यक्ति को बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के बारे में डॉ. प्रत्यूष सिंह ने बताया। इसके अलावा बाढ़ के दौरान सर्पदंश या



महसी में बाढ़ से बचाव के लिए मॉकड्रिल करते एनडीआरएफ के जवान। -संवाद

अन्य जहरीले जीव के काटने पर उपचार के तरीके बताए। एएसपी अशोक कुमार व एसडीएम एसएन त्रिपाठी ने बाढ़ के समय आकस्मिक मदद के लिए पुलिस को सूचना देने की बात कही। अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग शोभित कुशवाहा ने खतरे के निशान के पास नदी के पहुंचने और ग्रामीणों को बचाव के उपाय बताया। -संवाद

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 09-07-2021

# नियमों के उल्लंघन पर 33 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** यातायात नियमों की अनदेखी कर सड़कों पर वाहन दौड़ाने वाले चालकों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस की ओर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नियम तोड़ने वालों पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

गुरुवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर से सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर कुल 115 वाहनों के कागजात, चालक का डीएल, हेलमेट, तीन सवारी आदि को चेक किया। चेकिंग के दौरान 33 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। नियम तोड़ने वाले सभी वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया गया।

# सपाइयों ने प्रदर्शन किया पुलिस ने हिरासत में लिया



गुरुवार को इकौना में हिरासत में लेकर सपाइयों को थाने ले जाती पुलिस

इकौना | **संवाददाता**

बुधवार को इकौना में पर्चा न मिलने पर सपा ने विरोध प्रदर्शन किया था। नामांकन के दिन सपा के पूर्व विधायक व वरिष्ठ पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए और नामांकन कराने जा रही भाजपा प्रत्याशी की गाड़ी को रोक दिया।

पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए सपाईयों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचा दिया और नामांकन पूरा होने के बाद छोड़ा। ब्लाक प्रमुख चुनाव के लिए नामांकन खरीदने के लिए सपा के कुछ कार्यकर्ता बुधवार को इकौना ब्लाक गए थे। इस पर सपा कार्यकर्ताओं ने ब्लाक गेट पर धरना शुरू कर दिया। पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रमजान भी धरने में शामिल हुए। इसी क्रम में नामांकन के दिन पूर्व विधायक इंद्राणी वर्मा, निवर्तमान जिलाध्यक्ष सर्वजीत यादव, युवा सपा नेता अमर यादव सहित दर्जनों लोग पहुंच गए और ब्लाक गेट के पास सड़क जाम कर दिया।

# शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस की ओर से अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने 40 लीटर कच्ची शराब बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे कुशल नेतृत्व में शुक्रवार को सिरसिया थानाध्यक्ष राजेन्द्र कनौजिया टीम के साथ अवैध शराब कारोबारियों की धर पकड़ को लेकर क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग कच्ची शराब लेकर जा रहे है।

# आबकारी की दुकानों पर छापेमारी की गई

**श्रावस्ती।** साज जुलाई से 13 जुलाई तक अवैध शराब के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को भिनगा एसडीएम राजेश कुमार मिश्रा, तहसीलदार भिनगा राजकुमार पांडेय व आबकारी निरीक्षक अब्दुल कैश ने महेश कुमार गुप्ता रेडिको खैतान लिमिटेड थोक अनुज्ञापन का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रजिस्टर से स्टाक का मिलान किया।

# कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती** : सिरसिया थानाध्यक्ष राजेंद्र कनौजिया पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर मुंडा सेमरा निवासी सूरज, सनी व उजितराम को दबोच लिया। इनके कब्जे से कुल 40 लीटर कच्ची शराब बरामद हुआ। आरोपित पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (संसू)

# दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर पुलिस ने बुधवार गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म के मामले में वांछित संतोष कुमार निवासी रामपुर दाखिला को गिरफ्तार किया। पुलिस ने वांछित अभियुक्त को सुजानडीह गांव के सामने मुख्य मार्ग से गिरफ्तार किया। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर जेल रवाना किया। -संवाद

# 40 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन धरे

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने बुधवार रात गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने रामपुर बंधा के पास से सूरज व सनी निवासीगण मुंडा सेमरा दाखिला गब्बापुर को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने दस दस लीटर कच्ची शराब बरामद की। वहीं सिरसिया पुलिस ने राजगुरु जुड़पनिया के पास से उजितराम निवासी मुंडा सेमरा को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध संबंधित पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई कर जेल रवाना किया। -संवाद



# 33 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने गुरुवार को विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 115 वाहनों की जांच की। जांच के दौरान पुलिस ने एक वाहन को सीज किया साथ ही 33 वाहनों का ई-चालान किया। साथ ही पुलिस ने 48,500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। वहीं कोविड-19 से सुरक्षा एवं बचाव के तहत चलाये गए अभियान में 67 लोगों के विरुद्ध मास्क न लगाए जाने के कारण कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने 8600 रुपये का चालान भी किया। -संवाद

# शांतिभंग में 24 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने बुधवार रात विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 12 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। -संवाद